Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:54 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:57 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 211 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 14 फरवरी 2025



पहले सप्ताह में फ्लॉप साबित हुई...पेज-3 पर

## उत्तराखंड के खिलाड़ी 2036 में तिरंगे का मान बढ़ाएंगे: शाह

**हल्द्वानी**
**कार्यालय संवाददाता**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन किया। उन्होंने कहा कि भारत 2036 के ओलम्पिक खेलों की मेजबानी को तैयार है। हमने ओलम्पिक की मेजबानी को दावा ठोका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए देश में उत्तराखंड का गुणगान हो रहा है। अपने संबोधन में शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सराहना की। शाह ने कहा, सीएम धामी ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में





एक साथ राष्ट्रीय खेल कराकर देशभर में देवभूमि की साख बढ़ाई है। साथ ही यहां के खिलाड़ियों को प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए मंच भी प्रदान किया। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में

**समारोह**

- भारत 2036 के ओलम्पिक खेलों की मेजबानी को तैयार

38वें राष्ट्रीय खेलों में इको-फ्रेंडली प्रैक्टिसेज व इको फ्रेंडली गेम को धरातल पर उतारा गया। खिलाड़ियों के नाम पर पौधारोपण किया गया।

गृहमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने कई नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं, इससे अंतराष्ट्रीय खेलों में पदक की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि 2036 के ओलंपिक खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ी भी मेडल लाकर तिरंगे का मान बढ़ाएंगे।





**मेघालय के सीमए कॉनराड संगमा को सौंपा राष्ट्रीय खेल का ध्वज,कर्नाटक के श्रीहरि नटराज, धीनिधि बनीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

## शाह ने सर्विसेज के नाम चैंपियनशिप ट्रॉफी

**हल्द्वानी**
**कार्यालय संवाददाता**

38वें राष्ट्रीय खेल की चैंपियनशिप ट्रॉफी सर्विसेज की टीम ने एक बार फिर अपने नाम करने में सफलता हासिल की है। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने सर्विसेज को ट्रॉफी सौंपी। इसके साथ ही अन्य पुरस्कार भी बांटे। वहीं भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने 38वें राष्ट्रीय खेल के समापन की घोषणा भी की।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल के समापन समारोह में टीम चैंपियनशिप के साथ ही व्यक्तिगत चैंपियनशिप के पुरस्कार भी बांटे गए। सर्विसेज की टीम ने 68 स्वर्ण, 26 रजत और 27 कांस्य मिलाकर कुल 121 पदक जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की। गृहमंत्री अमित शाह ने टीम चैंपियनिशप के रूप में राजा भालिंद्र सिंह ट्रॉफी सर्विसेज को देकर पुरस्कृत किया। दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र की टीम रही, जिसने 54 स्वर्ण, 71 रजत, 76 कांस्य मिलाकर 201 पदक जीते। स्वर्ण पदक कम होने से चैंपियनशिप से चूक गई। वहीं तीसरे स्थान पर रही हरियाणा की टीम ने 48 स्वर्ण, 47 रजत, 58 कांस्य समेत 153 पदक जीतने में सफलता हासिल की है। अमित शाह ने सभी टीमों को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही 39वें



राष्ट्रीय खेल में भी शानदार प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई।

सर्विसेज के पदकों की संख्या में लगातार कमी आयी है। 2022 में 36वें राष्ट्रीय खेल में सर्विसेज 61 स्वर्ण पदक जीतकर फिर से चैंपियन बना, पर स्वर्ण कम होने के साथ कुल पदकों की संख्या भी घटकर 128 पहुंच गई। इसके बाद 2023 में 37वें राष्ट्रीय खेल में महाराष्ट्र ने सर्विसेज को पछाड़कर चैंपियनशिप जीती। इसमें सर्विसेज को 66 स्वर्ण समेत 126 पदक मिले थे। मगर 2025 में सर्विसेज ने एक बार फिर 68 स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप जीत ली है। सर्विसेज के 121 पदक हैं, जिनमें से 26 रजत, 27 कांस्य हैं। हालांकि, सर्विसेज के पदकों की संख्या 2023 के मुकाबले 5 कम हो गई है।

.....संबंधित पेज 2 पर

### सर्विसेज 68 स्वर्ण के साथ चैंपियन

सर्विसेज की टीम ने 68 स्वर्ण पदक जीतकर पांचवी बार चैंपियनशिप अपने नाम की है। 37वें राष्ट्रीय खेल में 66 स्वर्ण पदक जीतकर भी सर्विसेज चैंपियनशिप गंवा बैठी थी। 201 पदक जीतने के बावजूद पदक तालिका में महाराष्ट्र दूसरे व 153 पदक जीतकर हरियाणा तीसरे स्थान पर है। 2002 में आंध्र प्रदेश में हुए 32वें राष्ट्रीय खेल में 47 स्वर्ण समेत 130 पदकों के साथ पहली बार सर्विसेज टॉप 3 में पहुंची थी। 2007 में 33वें राष्ट्रीय खेल में सर्विसेज ने 59 स्वर्ण समेत 142 पदक जीतकर पहली बार चैंपियनशिप अपने नाम की। 2011 में 34वें राष्ट्रीय खेल में सर्विसेज के गोल्ड की संख्या 70 पहुंची और पदक 162 हुए। वहीं 2015 में केरल में 35वें राष्ट्रीय खेल में सर्विसेज 91 स्वर्ण सहित 159 पदक जीतकर चैंपियन बना।

## शाह के स्वागत को सजाया हल्द्वानी शहर

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन कार्यक्रम में पहुंचे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का शुक्रवार को हल्द्वानी में भव्य स्वागत किया गया। तिकोनिया चौराहे से गौलापार अंतराष्ट्रीय स्टेडियम तक सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ रही।

पहाड़ी अंदाज में महिलाओं, युवाओं और स्कूली छात्र-छात्राओं ने गृहमंत्री का स्वागत किया। जगह-जगह सांस्कृतिक दलों में शामिल कलाकारों ने प्रस्तुति दी। शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 3:50 बजे अमित शाह आर्मी हेलीपैड पर उतरे। इसके बाद तिकोनिया चौराहे से गौलापार स्टेडियम तक उनका काफिला रोड शो के रूप में रवाना हुआ। इस दौरान सड़क किनारे कतार में खड़े कलाकारों, महिलाओं ने कुमाउनी, गढ़वाली गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर उनका भव्य स्वागत किया। इसके अलावा सड़कों के किनारे लोगों की भी भारी भीड़ रही। करीब पांच किमी तक मानव श्रृंखला बनाकर गृहमंत्री का कुमाऊं के प्रवेश द्वार में अभिनंदन किया गया। लोगों ने सड़क किनारे खड़े होकर मोदी और अमित शाह के नारे भी लगाए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।



## कार ईशन नदी में गिरी, मां व दो बेटियों समेत चार की मौत, छह घायल

**हाथरस**
**एजेंसी**

हाथरस में हसायन कोतवाली क्षेत्र की जरेरा पुलिस चौकी अंतर्गत गांव बरसामई के पास एक स्विफ्ट कार ईशन नदी में गिर गई। हादसे में मां व उनकी दो बेटियों समेत चार लोगों की मौत हो गई, बाकी छह लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदराराऊ में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्विफ्ट कार सवार अलीगढ़ शादी समारोह में गए थे। कार में दस लोग सवार थे। शादी में शामिल होकर कार सवार जलेसर एटा वापस जा रहे थे। हसायन से सिकंदराराऊ होते हुए रात्रि 2 बजे के लगभग नहर के पास से जा रहे थे, तभी कार अनियंत्रित होकर ईशन नदी में गिर गई। देर से पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि समय से पुलिस पहुंच जाती तो अन्य लोगों की जान भी बचाई जा सकती थी। ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस में घायलों को भेजा गया।

हाथरस के एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि कार में नौ लोग सवार थे। हादसे में दो बच्चे, एक महिला और एक पुरूष की मौत हो गई। पांच लोग घायल हुए, जिन्हें उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। हाथरस के एसपी ने कार में नौ लोग सवार बताए, जबकि कार में 10 लोग सवार थे।

## मोदी का अमेरिका दौरा, भारत को मिलेंगे एफ-35 लड़ाकू विमान

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई वार्ता में अमेरिकी राष्ट्रपति ने मोदी को जमकर सराहा। उन्होंने कई मुद्दों पर भारत के रुख को गंभीरता से समझने की कोशिश की। इस दौरान दोनों की दोस्ती और जुगलबंदी भी देखने को मिली। फिर चाहे पीएम मोदी को कुर्सी पर बिठाना हो या फिर गले लगकर कहना कि आपकी बहुत याद आई। ट्रंप ने मोदी को उपहार के रूप में एक किताब भी दी। इस किताब के पहले पन्ने पर लिखा था- मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, यू आर ग्रेट। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क से मुलाकात की। इस दौरान





अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों पर चर्चा की गई। बैठक में भारत और अमेरिका में सुशासन के प्रयासों पर विचारों का भी आदान-प्रदान किया गया। दरअसल, अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने मस्क को अपने प्रशासन के नवगठित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का प्रमुख चुना था। बैठक के लिए मस्क अपने तीन छोटे बच्चों समेत परिवार के साथ ब्लेयर हाउस पहुंचे थे। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप ने पाकिस्तान से आह्वान किया कि वह 26/11 के मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाने के लिए अपने प्रयास में तेजी लाए। ट्रंप ने इस नृशंस हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित करने को मंजूरी देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, %वह न्याय का सामना करने के लिए भारत वापस जा रहा है। हम उसे तुरंत भारत वापस भेज रहे हैं और इस तरह के और प्रत्यर्पण हो सकते हैं क्योंकि हमारे पास भारत से काफी अनुरोध हैं। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप ने 16 साल पहले दोनों देशों के बीच हुए ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते के तहत भारत में अमेरिकी डिजाइन वाले परमाणु रिएक्टरों के निर्माण को सुविधाजनक बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। ट्रंप और मोदी ने अपनी बातचीत में ऊर्जा सहयोग को उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ाने का फैसला किया।

# पत्नी को मौत के घाट उतारने वाला पति गिरफ्तार

काशीपुर

हमारे संवाददाता

कटोराताल चौकी क्षेत्र में पत्नी को चाकुओं से गोदकर मौत के घाट उतारने वाला पति को पुलिस ने चेकिंग के दौरान नाकेबंदी कर दबोच लिया। कार्यवाही को पुलिस टीम ने अभियोग पंजीकृत होने के महज कुछ घंटे के भीतर अंजाम दिया।

कोतवाली परिसर में मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि पहली पत्नी के खत्म होने के बाद हत्या आरोपी मोहल्ला ओझान काशीपुर निवासी भगवान दास यादव पुत्र ताराचंद्र ने लगभग 8 वर्ष पूर्व 38 वर्षीय सुनीता देवी से कोर्ट मैरिज की थी। भगवानदास लगभग 3 वर्ष पूर्व जल संस्थान में फिटर के पद से रिटायर हुआ था। पुलिस की कड़ी पूछताछ में गिरफ्तार हत्यारोपी ने बताया कि शादी के कुछ दिन ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद अवैध संबंधों को लेकर उसे पत्नी पर शक होने लगा। उसे यह भी शक होने लगा कि महज संपत्ति के लालच में वह पत्नी का रिश्ता निभा रही है। पुलिस की गिरफ्त में आए हत्यारोपी भगवान दास ने यह भी बताया कि दूसरी पत्नी सुनीता अक्सर छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा फसाद करते हुए उसे बूढ़ा कहती थी जिससे उसके पुरूषत्व को भी ठेस लगता था। उसने बताया की पत्नी के ऐसे बर्ताव के कारण जब वह बुरी तरह आजिज आ गया तो उसे रास्ते से हटाने का मन बना लिया। योजना के मुताबिक घटना वाले दिन शाम के वक्त जब सुनीता का पुत्र सन्नी जिम करने चला गया इसी बीच मौका पाकर वह पत्नी के पास पहुंच गया। उस वक्त वह सब्जी काट रही थी। भगवान दास ने प्रेम संबंधों की पहल करने पर जब पत्नी सुनीता ने झगड़ा फसाद शुरू किया तो योजना के मुताबिक पति ने पत्नी को चाकुओं से गोदकर उसे मौत के घाट उतार दिया। फिलहाल निर्मम तरीके से की गई महिला की हत्या का पुलिस टीम ने महज कुछ घंटों के भीतर खुलासा किया।। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमर चंद्र शर्मा के अलावा एसएसआई अनिल जोशी,एसआई सौरभ भारती, विपुल जोशी, चंदन सिंह, मनोज धोनी, कंचन पड़लिया, संतोष देवरानी, अजीत सिंह प्रकाश बोरा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



**सफलता**

- काशीपुर पुलिस को घटना के कुछ घंटों बाद ही मिली सफलता
- पत्नी पर अवैध संबंधों होने का शक था

# गाडियों की ओवर स्पीड से हो रही दुर्घटनाओं के मामले में आईजी ट्रैफिक गढ़वाल कोर्ट में पेश हों

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गाडियों की ओवर स्पीड से हो रही दुर्घटनाओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने मामले को अति गम्भीर पाते हुए आईजी ट्रैफिक (गढवाल मंडल) से 20 फरवरी को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि जब वाहन ओवर स्पीड में चल रहा है तो रोड में क्या ऐसे सेंसर लगाए जा सकते हैं जिसकी सूचना वाहन चालक के परिजनों व सम्बंधित थाने को मिल सके और थाना उसका चालान कर सके, इस पर अपने सुझाव 20 फरवरी (वीरवार) को कोर्ट में दें।

मामले के अनुसार उच्च न्यायलय के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है हर रोज 18 से 25 साल के नौजवान ओवर स्पीड में वाहन चलाने से मौत का कारण बन रहे हैं। आजकल वाहनों में कई तरह के फ चिर आ गए हैं, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। वर्तमान में नौजवान स्पोर्ट मोड पर वाहन चला रहे जिसकी वजह वे हादसे का शिकार हो रहे है। स्पोर्ट मोड में वाहन चलाने लायक प्रदेश की रोड उस लायक नहीं हैं क्योंकि यह पहाडी राज्य है।

सडकें संकरी व घुमाऊदार हैं। ऊपर से नौजवान ऐल्कॉहॉलिक स्थिति में वाहन चला रहे हैं इसलिए 1000 से 2000 सीसी की गाडी चलाने के लिए उनकी उम्र 25 साल निर्धारित की जाए, जैसे कि 16 से 18 वर्ष के युवकों के लिए 50 सीसी तक वाहन चलाने का प्रावधान निर्धारित किया है ठीक उसी प्रकार बड़े वाहन चलाने के लिए उम्र 25 वर्ष निर्धारित की जाय। कहा कि वर्तमान में जो भी हादसे हो रहे हैं 18 से 25 साल के युवकों के ओवर स्पीड वाहन चलाने के कारण हो रहे हैं इसलिए राज्य सरकार बडे वाहन चलाने के लिए उम्र का निर्धारण करें।



# हैलो हल्द्वानी का संकल्पः सालभर गूंजेगी जलवायु चेतना की आवाज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो हैलो हल्द्वानी ने पूरे जोश और संकल्प के साथ विश्व रेडियो दिवस मनाया। इस साल की थीम जलवायु परिवर्तन और रेडियो को केंद्र में रखते हुए, रेडियो स्टेशन ने जलवायु जागरूकता को अपनी प्राथमिकता बनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओ.पी.एस. नेगी, जो स्वयं भौतिकी के प्रोफेसर हैं, ने कहा,ग्लोबल वार्मिंग अब भविष्य की चुनौती नहीं, बल्कि हमारे दरवाजे पर दस्तक दे चुकी हकीकत है। बदलता मौसम, बढ़ती गर्मी और अनियमित बारिश खतरे की घंटी बजा रहे हैं। ऐसे में 'हैलो हल्द्वानी' रेडियो की भूमिका और अहम हो जाती है। हमारा प्रयास रहेगा कि जलवायु परिवर्तन का सिर्फ बहस का मुद्दा न रहने दिया जाए, बल्कि इसके प्रति जन जन को जागरुक किया जाए। रेडियो निदेशक प्रो. (डॉ.) गिरिजा प्रसाद पांडे ने इस अवसर पर कहा कि रेडियो न सिर्फ सूचनाओं का माध्यम है, बल्कि बदलाव का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमें स्टूडियो से बाहर निकलकर समुदाय के बीच जाकर जागरूकता फैलानी होगी, और हैलो हल्द्वानी इसके लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर रेडियो प्रभारी प्रो. (डॉ.) राकेश चंद्र रयाल ने कहा,हम सिर्फ आज नहीं, बल्कि पूरे साल जलवायु परिवर्तन से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता देंगे, ताकि हर वर्ग इस गंभीर समस्या को समझे और समाधान का हिस्सा बने।

## NEWS / फटाफट

### वन आरक्षी संघ के प्रांतीय का आंदोलन शुरू

**नैनीताल ।** वन आरक्षी संघ के प्रांतीय आह्वान पर नैनीताल में गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन के दूसरे चरण में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम शुरु कर दिया। बता दें कि दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त से जुड़े शाखा के समस्त वन आरक्षियों द्वारा वन संरक्षक कार्यालय मे धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आंदोलित वन आरक्षियों की मांग क्रमशः वर्ष 2016 की नियमावली को दुबारा लागू करना व वन आरक्षी के कंधे पर एक स्टार लगाना था। इस मौके पर वन आरक्षियों ने अपनी मांगों के समर्थन में दिनभर नारेबाजी की। इस दौरान सहायक वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्र शेखर जोशी, महामंत्री रणजीत सिंह थापा समेत अतुल भगत वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश वन बीट अधिकारी संघ, नंदा प्रसाद अध्यक्ष नैनीताल वन प्रभाग, नितिन पाण्डेय अध्यक्ष भूमि संरक्षण वन प्रभग, दीपक बिष्ट, राजेंद्र वर्मा, नरेश भट्ट, मनप्रीत सिंह, कमलेश तिवारी, संदीप सिंह, बबिता आर्या, चित्रा जोशी तथा ज्योति जोशीए आदि मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट को अग्निवीर भर्ती के गुर सिखाए

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में एनसीसी कैडेट को एरिया रिक्यूमेंट ऑफिसरों ने ऑफिसर और अग्निवीर भर्ती के गुर सिखाए। बता दें कि कार्यक्रम में 79 यूके बटालियन एनसीसी वृत्त नेवल यूनिट नैनीताल के डीएसबी परिसर नैनीताल, राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल तथा जीबी पंत इंटर कालेज भवाली के कुल 170 कैडेटों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर निदेशक आर्मी भर्ती केंद्र अल्मोड़ा के कर्नल महेश कुमार ने कैडेटों को अग्नि वीर भर्ती व ऑफि सर बनने के अवसरों को क्रमबद्ध तरीके से समझाया। इस अवसर पर 79 बटालियन के एनसीसी के कमांडिंग ऑफि सर राजेश कौशिक तथा लेफ्टिनेंट कर्नल डीएस खड़का ने कैडेटो को सेवा भर्ती के टिप्स दिये, इसके साथ ही गणतंत्र दिवस की परेड में प्रतिभाग करने वाले कैडेटों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान डीएसबी परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. रजनीश पांडे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत तथा एनसीसी अधिकारी प्रो. मेजर हरीश चंद्र सिंह बिष्ट तथा महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### फोन पर गाली गलौच करने पर चालानी कार्रवाई

**नैनीताल ।** नगर की शान समझी जाने वाली मॉल रोड पर दिल्ली के एक पर्यटक को फोन पर गाली गलौच कर बात करना महंगा पड़ गया। पर्यटक को टोकने पर पुलिस से अभद्रता की तो पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर दी। जानकारी के अनुसार दिल्ली का एक पर्यटक अजय कुमार मॉल रोड पर टहलते हुए फ ोन पर अपने दोस्त से बात कर रहा था। इस दौरान वह जोर . जोर से गाली दे रहा था जिससे आते जाते लोगों ने आपत्ति जताई लेकिन वह नहीं माना। यह देख वहां तैनात एएसआई सुनील कुमार ने भी पर्यटक को टोकाकर सार्वजनिक स्थान पर गाली गलौच न करने की सलाह दी लेकिन पर्यटक अभद्रता पर उतर आया। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि पर्यटक का मेडिकल कराया गया। जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि हुई है। बताया कि दिल्ली निवासी अजय कुमार के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

### बी नेगेटिव रक्तदान कर एक मरीज की सहायता की

**नैनीताल।** अभिषेक मुल्तानिया के नेतृत्व में गुरुवार को एक कदम अच्छाई की ओर से रक्तदान संस्था के सदस्य सुभान अली द्वारा बी नेगेटिव रक्तदान कर एक मरीज की सहायता की गई।



एक कदम अच्छाई की ओर से रक्तदान हृदय से आभार व्यक्त करती है। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नैनीताल डॉ. सरस्वती खेतवाल, सभासद जितेंद्र पांडे ( जीनू), रजनीश मिश्रा उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

# उत्तराखंड को खिलाड़ी लंबे समय तक याद रखेंगेः मुख्यमंत्री धामी

हल्द्वानी

कार्यालय संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह के दौरान कहा कि यह आयोजन उत्तराखंडियों को गौरवान्वित करने वाला है। सदियों तक देश और खिलाड़ी मेजबान उत्तराखंड को याद रखेंगे और गर्व महसूस करेंगे। उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का भी आभार जताया।

हल्द्वानी के गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में सीएम धामी ने राष्ट्रीय खेलों को ऐतिहासिक बताया। सीएम समापन समारोह में गृहमंत्री के देवभूमि में आकर अमूल्य समय देने पर उनका धन्यवाद किया। धामी ने कहा राष्ट्रीय खेल में हजारों एथलीट देवभूमि में आए। 24 स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान उत्तराखंड ने इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व ने भरोसा किया और उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी दी। जहां हमारे एथलीटों ने जमकर पसीना बहाया और मैदान को जीता। सीएम ने आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान देने वाले भारतीय ओलंपिक संघ, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन, खेल विभाग और सभी वॉलेंटियर्स का भी आभार व्यक्त किया। प्रस्तावित 39वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए मेघालय को भी उन्होंने अग्रिम शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 'अतिथि देवो भव' की परंपरा के अनुसार प्रयास किया गया कि विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को कोई समस्या न हो।

यूसीसी पर मिले सहयोग के लिए आभार जताया- मुख्यमंत्री ने यूसीसी का जिक्र किया और कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के बाद गृहमंत्री अमित शाह का उत्तराखंड में यह पहला दौरा है।



# 12वां मेजबान राज्य बना उत्तराखंड

हल्द्वानी

कार्यालय संवाददाता

अपनी स्थापना के 25वें साल की शुरुआत में ही उत्तराखंड ने राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कराकर देशभर में खेल भूमि के रूप में अपनी अलग पहचान बना ली है। उत्तराखंड राष्ट्रीय खेल का आयोजन कराने वाला देश का 12वां राज्य भी बन गया है।

1924 में इंडियन ओलंपिक गेम्स की शुरुआत हुई थी। तब शहरों को मेजबानी दी जाती थी। 1938 तक 8 संस्करण में से 3 खेल लाहौर में हुए थे। इसके बाद 1940 से इसका नाम बदलकर राष्ट्रीय खेल रख दिया गया। 1940 से 1979 तक 17 संस्करणों की मेजबानी शहरों को दी गई थी। इसमें कटक, मद्रास और लाहौर में दो-दो बार आयोजन कराया गया। मगर 1985 में 26वें राष्ट्रीय खेल से इसके प्रारूप में बदलाव किया गया और इसे ओलंपिक फॉर्मेट की तर्ज पर आयोजित करने का फैसला लिया गया। जिसमें राज्यों को खेल की मेजबानी दिए जाने की शुरुआत हुई। 1985 में पहला मेजबान दिल्ली बना था। इसके बाद से 2025 तक 13 संस्करण हुए हैं और उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेल की मेजबानी मिली। उत्तराखंड मेजबानी करने वाला 12वां राज्य बना है। जबकि केरल अभी तक दो बार 1987 और 2015 में मेजबानी कर चुका है। उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा राज्य आज तक राष्ट्रीय खेल नहीं कर सका है। खेलों की भूमि हरियाणा भी आज तक आयोजन नहीं करा पाया है।

## केन्द्रीय मंत्री को कई लोग नहीं देख पाए

नैनीताल रोड में स्वागत समारोह में शामिल कई महिलाएं, स्कूली छात्र और कलाकार केन्द्रीय मंत्री को नहीं देख पाए। वजह यह रही की लोगों को लगा कि गृहमंत्री खुली गाड़ी में आएंगे। कई महिलाएं फूल, कलश लेकर भी खड़ी रहीं।

पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## स्पष्टीकरण जरूरी

*रेजीडेंट वे व्यक्ति हैं जो स्थायी और मूल निवास की श्रेणी में नहीं आते हैं। राज्य में एक साल की अवधि तक रहने वाले रेजीडेंट भी यूसीसी के दायरे में रहेंगे, ताकि उनका डाटा बैंक तैयार किया जा सके। दरअसल स्थायी और मूल निवासी को लेकर भेदभाव और क्षेत्रवाद को लेकर संकीर्ण मानसिकता फैलाई जा रही है। पंजीकरण होने पर रेजीडेंट को योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। पृथक राज्य आंदोलन के दौरान भी क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने की साजिश रची गई थी।*

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी गई है। देश में पहला स्थान पाने की जल्दबाजी में राज्य के नागरिकों का विश्वास हासिल नहीं किया गया। संहिता के प्रावधानों को आम आदमी को समझाना जरूर चाहिए। यूसीसी नियमावली कमेटी के चेयरमैन और पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने निवासी (रेजीडेंट) का मतलब स्पष्ट करके भ्रम दूर किया है। रेजीडेंट वे व्यक्ति हैं जो स्थायी और मूल निवास की श्रेणी में नहीं आते हैं। राज्य में एक साल की अवधि तक रहने वाले रेजीडेंट भी यूसीसी के दायरे में रहेंगे, ताकि उनका डाटा बैंक तैयार किया जा सके। दरअसल स्थायी और मूल निवासी को लेकर भेदभाव और क्षेत्रवाद को लेकर संकीर्ण मानसिकता फैलाई जा रही है। पंजीकरण होने पर रेजीडेंट का योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। पृथक राज्य आंदोलन के दौरान भी क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने की साजिश रची गई थी। यूसीसी को लेकर भी भेदभाव की भावना प्रबल हो रही है। रेजीडेंट का मुद्दा विपक्ष नहीं उठा सकेगा, लेकिन लिव इन रिलेशन के बारे में विपक्ष की आपत्ति पर विचार करके संशोधन किया जाना चाहिए। विपक्ष का कहना है कि देश के किसी भी धर्म में लिव इन रिलेशन को मान्यता नहीं है, फिर भी उत्तराखंड की सनातन बाहुल्य जनसंख्या वाले राज्य में लिव इन रिलेशन स्वीकार नहीं किया जा सकता है। देवभूमि की सांस्कृतिक परम्पराओं का अपमान है, इससे डेमोग्राफिक परिवर्तन का खतरा है। यूसीसी में सभी धर्मों के लिए तलाक, विवाह विच्छेद को कठिन बना दिया गया है। दूसरी तरफ लिव इन रिलेशन में रहने वाला रजिस्ट्रार के समक्ष कथन प्रस्तुत कर संबंध समाप्त कर सकता है। समाज में विकृति उत्पन्न हो जायेगी। युगल विवाह की जगह लिव इन रिलेशन में रहना पसंद करेंगे। लिव इन रिलेशन धर्म के अनुकूल नहीं है। लिव इन रिलेशन अवैध शारीरिक संबंध और अपराध की श्रेणी में आता है, लेकिन पाश्चात्य कुरीतियों का अंधानुकरण करते हुए कुछ वर्ष पहले भारत के युवा भटक गये। लिव इन रिलेशन को विपक्ष का विरोध मान कर उत्तराखंड सरकार को हठपूर्ण रवैया नहीं अपनाना चाहिए। केन्द्र सरकार और सभी राज्यों की सरकारों को समाज को विकृत होने से बचाने के लिए सख्त निर्णय लेकर लिव इन रिलेशन को गैरकानूनी करार देना चाहिए। सदियों से स्थापित विवाह की पद्धति को बल प्रदान करना आने वाली पीढ़ी के लिए हितकर होगा।

# महाकुंभ के पलट प्रवाह से कई जिलों में जाम

प्रयागराज

एजेंसी

महाकुंभ स्नान के बाद वापस लौट रही भीड़ से अवध के कई जिलों में भयंकर जाम की स्थिति बन गई। सुल्तानपुर में 25 किमी लंबा जाम लग गया।

माघ पूर्णिमा के बाद महाकुंभ के पलट प्रवाह से अवध के अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और बाराबंकी में बृहस्पतिवार को भयंकर जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। सबसे बुरा हाल अयोध्या का है। प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह सबसे ज्यादा रामनगरी की ओर है। इस कारण बृहस्पतिवार को 10 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हालात नियंत्रण करने के लिए जिले की सीमा से ही वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है।

सुल्तानपुर में बृहस्पतिवार को लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर करीब 25 किमी लंबा जाम लगा रहा। अमहट से लेकर लंभुआ तक वाहनों की कतार लगी रही। यहां बुधवार रात 10 बजे से बृहस्पतिवार शाम चार बजे तक अयोध्या के लिए आवागमन बंद कर दिया गया। 17 घंटे तक जाम में फंसे



श्रद्धालु भूख-प्यास से बिलबिला उठे। रामलला के दर्शन के बाद बृहस्पतिवार दोपहर निजी वाहन से प्रयागराज जा रहे जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल कुमार कटका भी कूरेभार में लगे जाम में फंस गए।

स्थानीय पुलिस ने किसी तरह उन्हें जाम से निकाला। पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर निवासी विजय मैती ने बताया कि बुधवार रात करीब नौ बजे प्रयागराज से अयोध्या के लिए निकले। 14 घंटे में किसी तरह से पयागपुरी पहुंचे हैं। डायवर्जन के नाम पर पुलिस पूरे रास्ते भटकाती रही। अयोध्या में वाहनों के प्रवेश पर रोक से अंबेडकरनगर में बुरा हाल रहा। यहां यादवनगर व चनहा में हजारों श्रद्धालु फंसे रहे। अमेठी में मार्ग परिवर्तित होने व जगह-जगह रोके जाने से श्रद्धालु परेशान रहे। भटकते हुए रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर आमघाट पहुंचे श्रद्धालुओं के वाहनों को प्रवेश नहीं मिलने से इंतजार करना पड़ा। थौरी से रानीगंज पेट्रोल पंप तक तीन किलोमीटर तक जाम लगा रहा। बाराबंकी में बृहस्पतिवार को 19वें दिन भी डायवर्जन लागू रहा। वाहनों को अयोध्या की तरफ नहीं जाने दिया गया। इससे आगरा के सवा सौ श्रद्धालु रामलला के दर्शन किए बिना ही लौट गए। बस्ती व गोरखपुर भी जाने में दिक्कत हो रही है। पुलिस ने यहां ग्रामीण मार्गों पर भी बैरियर लगा दिया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार छटक डिवाइडर पार गिरा,ट्रक ने कुचला, मौत

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड फ्लाई ओवर पर अज्ञात कार ने बाईक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद युवक छटक कर डिवाइडर पार गिरा ट्रक के नीचे आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। सूचना पर परिवार के लोग पहुंचे। पुलिस के मुताबिक कीरतपुर कोलडिया निवासी 25 वर्षीय देवेंद्र सिंह चौहान पुत्र महेश सिंह चौहान सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता था और वह गुरुवार की रात ड्यूटी कर बाईक से घर जा रहा था। वह फ्लाई ओवर पर पहुंचा। तभी पीछे से आ रही तेज गति से कार सवार ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक सवार युवक छटक कर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ गिरा। इसी बीच युवक को ट्रक ने कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई।

## सिंथिया अंडर 12 सेवन-ए-साईड फुटबाल ट्रॉफी शिवालिक के नाम




हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी तथा सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्षेत्रा लामाचौड़ हल्द्वानी के संयुक्त तत्वावधान में आज सिंथिया अंडर 12 सेवन-ए-साईड फुटबाल प्रतियोगिता के रोमांचक फायनल में शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल तथा क्रॉस स्कूल हल्द्वानी के मध्य जोरदार मैच देखने को मिला जिसमें शिवालिक ने 4-1 से क्रॉस स्कूल को हराकर पहले सिंथिया अंडर 12 सेवन-ए-साईड फुटबाल ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। बी एल एम को प्रदर्शन के आधार पर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ, पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रही टीमों के खिलाड़ियों को मैडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्षेत्रा लामाचौड हल्द्वानी के फुटबाल मैदान पर इससे पूर्व आज प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्रधानाचार्य डा प्रवीन्द्र कुमार रौतेला,प्रबंध निदेशक कात्यायन रौतेला, प्रधानाचार्या तूलिका रस्तोगी समेत तमाम गण्यमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जला करके प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में सिंथिया स्कूल हल्द्वानी, बीजी बीज स्कूल हल्द्वानी, बी एल एम हल्द्वानी, क्रॉस स्कूल हल्द्वानी, जस गोविन्द स्कूल हल्द्वानी, सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी तथा शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी की फुटबाल टीमों ने प्रतिभाग किया। आज का उद्घाटन मैच बिजी बीस स्कूल हल्द्वानी तथा क्रॉस स्कूल हल्द्वानी के मध्य खेला गया जिसमें क्रॉस की टीम ने बीजी बीज की टीम के विरुद्ध 3 गोल करते हुए अपनी जीत दर्ज की। दूसरे मैच में जस गोविन्द तथा शिवालिक स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें शिवालिक ने 1 के मुकाबले 3 गोल करके मैच जीत कर तथा तीसरे मैच में सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी ने सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल को 1-0 के अंतर से हराकर सेमीफायनल में प्रवेश किया।

# फिल्मी दुनिया

## पहले सप्ताह में फ्लॉप साबित हुई बैडएस रवि कुमार-लवयापा



*फरवरी के दूसरे हफ्ते में भी सभी फिल्मों का हाल बेहाल रहा। बैडएस रवि कुमार और लवयापा बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही हैं। वहीं, तंडेल-विदामुयार्ची भी बेदम साबित हो रही हैं। फरवरी के महीने में कई फिल्में सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। कई बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ साउथ फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिए मुकाबला कर रही हैं। हालांकि, यह महीना किसी फिल्म के लिए कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाया या यूं कहें कि इनमें से कोई फिल्म दर्शकों के बीच कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है। ऐसे में ये सभी फिल्में कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही हैं। वहीं, चलिए जानते हैं कि गुरुवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है। खुशी कपूर और जुनैद खान की बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली पहली फिल्म भी उनके लिए कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। 7 फरवरी को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर खराब शुरुआत करते हुए 1.15 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वहीं, गुरुवार को फिल्म ने सिनेमाघरों में अपना पहला सप्ताह पूरा किया। सातवें दिन फिल्म ने 35 लाख रुपये की कमाई की, जिसके बाद फिल्म का कुल कलेक्शन 6.50 करोड़ रुपये हो चुका है।*

### बैडएस रवि कुमार

*7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार ने दर्शकों के बीच अपने सीन्स और डायलॉग के कारण खूब सुर्खियां बटोरी थी और पहले दिन अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन गुजरते दिनों के साथ इस फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की जाने लगी। पहले दिन 2.75 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत करने वाली फिल्म ने पहले सप्ताहांत में 6.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसके बाद इसकी कमाई लाखों में सिमटने लगी। गुरुवार को फिल्म ने 35 लाख रुपये की कमाई की, जिसके बाद अब इसका कुल कलेक्शन 8.20 करोड़ रुपये हो चुका है।*

# न्यायधीश आलोक मेहरा का आज शपथ ग्रहण

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाईकोर्ट के नए न्यायधीश आलोक मेहरा आज 14 फरवरी को मुख्य न्यायधीश की कोर्ट में शपथ ग्रहण करेंगे । उन्हें मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी.नरेंद्र द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। हाईकोर्ट के अधिवक्ता आलोक मेहरा को उत्तराखंड हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने की अधिसूचना राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से 12 फरवरी को जारी हुई थी । इधर गुरुवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि नए न्यायधीश आलोक मेहरा को मुख्य न्यायधीश द्वारा सुबह 10.15 बजे मुख्य न्यायधीश शपथ दिलाएंगे । उनके शपथ ग्रहण समारोह के लिये हाईकोर्ट में आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं ।

## सैंट जोज़फ कॉलेज के पूर्व छात्र हैं न्यायाधीश आलोक मेहरा

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीश आलोक मेहरा सेंट जोसफ कॉलेज, नैनीताल के 1987 बैच के पूर्व छात्र हैं। उन्हें हाइकोर्ट का न्यायाधीश बनाए जाने पर सेंट जोसफ कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रदर जेरोम एवं सचिव ब्रदर लॉरेंस ने गुरुवार को उनके निवास पर भेंट की और शुभकामनाएं व्यक्त की। ब्रदर जेरोम ने कहा कि यह उपलब्धि उनके विद्यालय को गौरांवित करने वाली है, साथ ही नैनीताल नगर का मान बढ़ाने वाली है। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। इस मौके पर सेंट जोसफ कॉलेज ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश भट्ट व पूर्व छात्र मनीष गंगोला ने भी न्यायाधीश आलोक मेहरा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सफल करियर की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## News कॉर्नर

### राज भट्ट ने किया हिमालय संग्रहालय का निरीक्षण

**नैनीताल।** एलारा कैपिटल लंदन के संस्थापक राज भट्ट (डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र) ने कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के हिमालय संग्रहालय का निरीक्षण किया। बता दें पूर्व में संग्रहालय की प्रभारी प्रो.सावित्री कैड़ा जंतवाल की ओर से उन्हें संग्रहालय आने के लिए आमंत्रण भेजा गया था। प्रो.जंतवाल के मुताबिक वह हिमालय संग्रहालय का अवलोकन करने आये और उसकी प्रगति और व्यवस्था को देखकर बहुत खुश हुए। प्रो0 कैड़ा ने उनसे आग्रह किया था कि उत्तराखंडी संस्कृति के एक महत्वपूर्ण अंग यहीं के आभूषणों को खरीदने हेतु वे आर्थिक सहयोग करेंगे। उन्होंने वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर अतुल जोशी से कहा कि मैं अपने पिताजी एल0 आर0 भट्ट की स्मृति में वाणिज्य संकाय में सबसे अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को 50,000 रूपया प्रति वर्ष प्रदान करूगा वहीं उन्होंने प्रो0 कैड़ा से कहा कि इतिहास विभाग डीएसबी परिसर के प्रति वर्ष सबसे अधिक अंक पाने वाले मेधावी विद्यार्थी को 25,000 रूपया प्रदान करुंगा और यह भी कहा कि यहाँ के मेधावी विद्यार्थियों को लंदन में रोजगार भी दिलाऊंगा।

# मिक्स महिला व पुरुष स्कीट शॉट गन पदक विजेताओं को सम्मानित किया

### 46वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित प्रतियोगिता

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

प्रदेश की खेल, युवा कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्या ने 38वें राष्ट्रीय खेल के अन्तर्गत 46वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित मिक्स महिला व पुरुष स्कीट शॉट गन पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने पदक विजेताओ को बधाई दी व उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि ''संकल्प से शिखर तक'' स्लोगन सभी एथलिट्स व सबके लिए था। उन्होने कहा कि स्लोगन सबके लिए एक प्रेरणा, एनर्जी व लक्ष्य के रूप में था। उन्होने उत्तराखण्ड के एथलिट्स को बधाई देते हुए कहा कि उन्होने इस स्लोगन का आत्मसात किया और मेहनत कर 37वें नेशनल गेम में जहां गोवा में हम 25वें स्थान पर थे आज हमारे उत्तराखण्ड के एथलिट्स संकल्प से शिखर तक पहुंचाने का काम किया, आज हम 7वें नम्बर पर है। उन्होने कहा कि 38वें नेशनल गेम के आयोजन से ज्यादा गर्व हमको हमारे एथलिट्स ने दिया है कि हम प्रदेश के इस सिल्वर जुबली वर्ष में हम गोल्डन जुबली का भाव महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि 38वें नेशनल गेम जनजन के सहयोग व आशीर्वाद से सफलता पूर्वक सम्पन्न हो रहा है। इस दौरान मंत्री ने हरियाणा के स्वर्ण पदक विजेता ईशान सिंह लिबरा, रायजा ढिल्लन, पंजाब के रजत पदक विजेता गनीमत शेखो, भवतेघ सिंह गिल्ल, तेलंगाना के कांस्य पदक विजेता मुनेक बाटुला व रश्मी राठोर को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस दौरान उप निदेशक युवा कल्याण शक्ति सिंह, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, डीओसी अशोक मित्तल आदि मौजूद थे।



# मनोरा वन रेंज वन विभाग की टीम ने 360 टिन अवैध लीसा पकड़ा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल कुमार शर्मा के निर्देशन में वन विभाग की टीम ने एक ट्रक में बिना कागजात के ले जाए जा रहे 360 टिन अवैध लीसा पकड़ लिया।

जिसकी कीमत 10 लाख से ज्यादा बताई जा रही हांलाकि इस दौरान वाहन चालक मौके से फ रार होने में कामयाब रहा।जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर वीरवार को वन विभाग की टीम शाम को रानीबाग में चैकिंग करने लगी। चैकिंग के दौरान टीम ने यूके 04 सीए- 4368 संख्या का एक ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन ट्रक चालक ने ट्रक नहीं रोका, पीछा करने पर चालक ट्रक को काठगोदाम हाइडिल गेट के अंदर छोड़ छोडक़र भाग गया ।

ट्रक की तलाशी लेने पर काली पालीथीन से ढककर ले जाया जा रहा 360 टिन लीसा बरामद हुआ जिसके कोई वैध कागजात नहीं मिले जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रूपए आकी गई है। टीम में मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल कुमार शर्मा समेत वन दरोगा राजेंद्र जोशी,फारेस्टर राजू जोशी तथा त्रिवेन्द्र शामिल थे, फिलहाल विभाग ने ट्रक और लीसा अपने कब्जे में ले लिया है।

# उत्तराखंड से अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हॉकी महिला वर्ग की 18 सदस्यीय टीम रवाना

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आन्ध्र प्रदेश के काकीनाडा में 15 फरवरी (शनिवार) से लेकर 28 फरवरी (शुक्रवार)तक आयोजित होने जा रही अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हॉकी (महिला वर्ग) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड की 18 सदस्यीय टीम रवाना हो गयी है।

बता दें टीम में खेल विभाग की ओर से शिखा बिष्ट जबकि शिक्षा विभाग की ओर से प्रतिभा उनियाल, दिव्या राणा, सीमा पुनडिया,मृदुला गुजराल, चंद्रा पांडे,कामिनी धिमान, सुधा रानी, कंचन रावत, नीमा साह, प्रीति गिरी, संतोष, नंदी कश्मीरा, मनीषा वर्मा व कृतिका जोशी के अलावा पंचायती राज विभाग की ओर से संगीता भारद्वाज व शीतल रावत जबकि महिला एवं बाल विकास की ओर से कल्पना देवली को शामिल किया गया है। टीम में शामिल नीमा साह का कहना है कि उन्हें तीसरी मर्तबा उत्तराखंड से अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हॉकी (महिला वर्ग) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिला है। बता दें नीमा साह वर्तमान में नैनीताल जिले के राजकीय इंटर कालेज गुनियालेख में सहायक अध्यापिका के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं।

# मिनिस्टीरियल फेडरेशन संगठन की बैठक में संगठन का विस्तार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल विकास भवन मिनिस्टीरियल फेडरेशन संगठन की बैठक में निर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा बीते दिवस संगठन का विस्तार किया गया। संगठन के अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह नेगी के मुताबिक संगठन का चुनाव नवंबर 2024 में विकास भवन में किया गया था, परन्तु अपरिहार्य कारणों के चलते संगठन का विस्तार नहीं हो पाया था। वीरवार को विकास भवन सभागार में विकास भवन में कार्यरत मिनिस्टीरियल संवर्ग के कर्मचारियों की बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें असलम अली तथा निर्मला अधिकारी को संरक्षक समेत रश्मि वाला को उपाध्यक्ष, कुंदन अधिकारी को संयुक्त मंत्री जबकि खजान चंद बुधानी तथा संजय देव को विधिक सलाहकार वहीं दिनेश साह तथा दीपक खुल्बे, कैलाश बोरा, विजय मनराल, जितेंद्र दानू, गोविंद सिंह, दीपक धुरदौड़ा, राहुल कुमार, प्रिन्स कुमार, अक्षय दिगारी, कृपाल सिंह राणा, संदीप जोशी तथा नवीन गोस्वामी को संगठन मंत्री पद हेतु चयनित किया गया। ैठक में निर्णय लिया गया कि यथा शीघ्र कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शीघ्र ही संगठन का शिष्टमंडल जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय से मुलाकात कर वार्ता करने के साथ ही उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। इसके अतिरिक्त नवनियुक्त कार्यकारिणी ने कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने आश्वासन बैठक में अन्य कर्मचारियों को दिया।

### कूड़े को लेकर दो पक्षों में विवाद

**नैनीताल ।** तल्लीताल हरिनगर क्षेत्र में कूड़े को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। जानकारी के अनुसार तल्लीताल हरिनगर क्षेत्र में कूड़े को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो क्षेत्र में हंगामा हो गया। हंगामे के बाद दोनों पक्ष तल्लीताल थाने पहुंच गए। जहां देर तक हंगामा चलता रहा, जब पुलिस ने कार्रवाई की बात कही तो दोनों पक्ष शांत हो गए। एएसआई सुनील कुमार ने बताकि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### 19 मार्च से युवा महोत्सव का भव्य आयोजन

**नैनीताल।** उत्तराखंड युवा एकता मंच द्वारा आगामी 19 मार्च (बुधवार) को भवाली में भवाली युवा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में विभिन्न हिस्सों से आए युवाओं को अपनी कलाए संस्कृति और विचारों का प्रदर्शन करने का एक बेहतरीन अवसर मिलेगा। प्रतियोगिताओं के दौरान लोक नृत्य, सिंगिंग, डिबेट और भाषण प्रतियोगिता जैसी विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मंच के संस्थापक पवन रावत ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य केवल युवाओं को अपनी कला दिखाने का मंच प्रदान करना नहीं है बल्कि युवाओं को एकजुट करने का भी काम करंगे। यह आयोजन उन्हें अपने समाज और संस्कृति से जुडने् के साथ.साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेगा। महोत्सव में भवाली और आसपास के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय को पटवाडांगर में 26.4 एकड़ भूमि दी

**सफलता**

- महत्वपूर्ण सफलता की सराहना की और मिष्ठान वितरण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड सरकार ने कुमाऊं विश्वविद्यालय को पटवाडांगर में 26.4 एकड़ भूमि दी है। यह उपलब्धि कुमाऊँ विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के डेढ़ वर्ष कार्यकाल की सफलता के बाद हासिल हुई है।

यह कहना है कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी का। दूसरी ओर कूटा ने मामले में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत तथा मुख्य सचिव तथा सचिव उच्च शिक्षा को इस सकारात्मक कार्य के लिए लिए धन्यवाद दिया है। इसी क्रम में कूटा ने कुलपति प्रो.रावत को मिली महत्वपूर्ण सफलता की सराहना तथा धन्यवाद करते हुए वीरवार को उनको पुष्प गुच्छ दिए तथा शाल पहनाकर अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया तथा मिष्ठान वितरण किया। कूटा ने कहा कि इससे कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का शिक्षा संकाय सहित अन्य व्यावसायिक केंद्र पटवाडंगर में स्थापित करने में सफ लता मिलेगी मिलेगी। कुलपति प्रो.रावत का स्वागत करने वालों में कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी और महासचिव डॉ विजय कुमार समेत डॉ. दीपा आर्या शामिल रही।

### पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**हल्द्वानी।** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकी हमले में भारतीय सेना के शहीद जवानों की छठवीं पुण्यतिथि पर संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी रामलीला मैदान स्थित डीके पार्क में पुलवामा के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य पूर्णिमा रजवार ने संयुक्त रूप से कहा की पुलवामा आतंकी हमले में शहीद भारतीय सेना के जवानों की बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है ।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

पी0एम.जी.एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)
कोटेशन सूचना:-स्थित- जमरानी बांध कालोनी दमुवाढूंगा (हल्द्वानी) पिन कोड-263126
Email:eermgsyhld@rediffmail.com
दूरभाष नं0- 05946-298454

पत्रांक:- [illegible] दिनांक:- 13.02.2025

### कोटेशन सूचना

अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त सहायक अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी के उपयोगार्थ निम्नलिखित वाहनों की एक वर्ष हेतु आवश्यकता है। राजकीय उपयोग हेतु चालक सहित ईंधन रहित मासिक किराये पर रखने हेतु दिनांक-18.02.2025, 1:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं जो कि उसी दिन सांय 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समस्त कोटेशनदाताओं के समक्ष खोले जायेंगे।

| क्र.सं. | वाहन का प्रकार | वाहनों की संख्या | उपयोगार्थ अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | बोलेरो या समकक्ष व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन | 01 | समस्त सहायक अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी। |

शर्तें:-
1. वाहन 2021 अथवा उसके बाद के रजिस्ट्रेशन का होना चाहिए।
2. वाहन का पंजीकरण टैक्सी परमिट में होना चाहिए।
3. वाहन से सम्बन्धित अभिलेख जैसे पंजीकरण, फिटनेस, इंश्योरेंस आदि पूर्ण होना चाहिए।
4. वाहन से सम्बन्धित अभिलेख कोटेशन के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
5. वाहन के चालक का कामर्शियल ड्राइविंग लाईसेंस पर्याप्त एवं वैधानिक होना चाहिए।
6. वाहन स्वामी को वाहन किराया का भुगतान उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 212/IX 1/2016/2011/2023 दिनांक 17.02.2023 के द्वारा जारी दरों के प्रावधानानुसार किया जायेगा।
7. वाहन स्वामी या चालक का पारिश्रमिक व वाहन का रख रखाव का व्यय स्वयं वहन करना होगा।
8. प्राप्त कोटेशन को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सहायक अभियन्ता-तृतीय, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी को होगा।
9. वाहन के किराये की दरें स्वीकृत होने की दशा में वाहन स्वामी को रू0 5000.00 जमानत राशि एवं 100/- रू0 का स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध-पत्र भरना होगा। जमानत धनराशि अनुबन्ध पूर्ण होने पर सम्बन्धित अभियन्ताओं से अदेयता पत्र प्राप्त होने पर वापस कर दी जायेगी।
10. वाहन के मरम्मत की अवधि में एवं चालक द्वारा छुट्टी पर जाने हेतु वाहन स्वामी द्वारा अन्य समकक्ष वाहन उपलब्ध कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में अन्य वाहन की व्यवस्था पर आने वाले व्यय को आपके देयकों से वसूल किया जायेगा।
11. वाहन का न्यूनतम ईंधन औसत 10 किमी0 प्रति लीटर होना अनिवार्य है।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0 सिं0 खं0, हल्द्वानी (नैनीताल)


# विधायक उमेश व पूर्व विधायक प्रणव मामले में की समीक्षा के लिये समिति गठित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार के खानपुर व लंढौरा में वर्तमान विधायक उमेश कुमार व पूर्व विधायक प्रणव सिंह चैंपियन के बीच सार्वजनिक रूप से हुए गाली गलौज, गोलाबारी व अशोभनीय आचरण के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेकर दायर याचिका की लगातार दो दिन सुनवाई की है । इस मामले में हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ के कड़े रुख के बाद सरकार की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया है कि दोनों जनप्रतिनिधियों को दी गई सुरक्षा की



समीक्षा के लिये समिति गठित की है। साथ ही हरिद्वार स्थित सिंचाई विभाग के आवासों का उनको किया गया आवंटन रदद् करने की प्रक्रिया सिंचाई विभाग द्वारा शुरू कर दी है ।

सरकार की ओर से कोर्ट को पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन और खानपुर के मौजूदा विधायक उमेश शर्मा के खिलाफ लंबित कुछ आपराधिक कार्यवाही के साथ-साथ उन्हें प्रदान की गई सुरक्षा के संबंध में अवगत कराया। एक अन्य मुद्दे के अनुसार अभियोजन अधिकारी के आचरण के बारे में भी कोर्ट को बताया गया। जिसने मौजूदा विधायक के आपराधिक इतिहास के बारे में निचली अदालत को अवगत नहीं कराया है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि इन राजनीतिक व्यक्तियों को दी गई सुरक्षा के बारे में एक समिति का गठन किया गया है और जल्दी ही यह समिति निर्णय लेगी। इन राजनीतिक व्यक्तियों को सिंचाई विभाग के सरकारी आवास आवंटन के संबंध में बताया गया है कि आवंटन रद्द करने के लिए मामला सिंचाई सचिव को भेज दिया गया है। जबकि अभियोजन अधिकारी द्वारा निचली अदालत में वर्तमान विधायक के आपराधिक इतिहास का खुलासा न करने के बारे में संबंधित अभियोजन अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। न्यायालय को यह भी बताया गया कि कुँवर प्रणव सिंह चैंपियन को आवंटित सरकारी आवास का मासिक किराया रु. 9209/- प्रति माह और वर्तमान विधायक उमेश शर्मा को आवंटित सरकारी आवास का मासिक किराया रु. 1693/- प्रति माह है । जबकि हरिद्वार क्षेत्र के एक अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इन कमरों का किराया कम से कम 70 हजार रुपये प्रति माह होना चाहिये ।